राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने राजऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय परिसर में 61.75 करोड रूपये के विकास कार्यों का शिलान्यास किया

विश्वविद्यालय विद्यार्थियों की बौद्धिक व शारीरिक क्षमता के लिए कार्य करें - राज्यपाल

जयपुर/ अलवर, 20 फरवरी। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागडे एवं केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव ने गुरूवार को अलवर के हल्दीना स्थित राजऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय परिसर में 61.75 करोड रूपये की लागत के द्वितीय चरण के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया।

राज्यपाल श्री बागडे ने इस दौरान नई शिक्षा नीति के आलोक में अपने पाठ्यक्रमों को समयानुकूल, उपयोगी और अधतन करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का आव्हान किया।

उन्होंने महाराजा भर्तृहरि को याद करते हुए उनके लिखें हुए शतक और शिक्षाओ से प्रेरणा लेने पर जोर दिया। उन्होंने बेटियों से कहा कि निडर और बहादुर बनें। उन्होंने कहा कि अन्याय जहां पर हो वहां सबको मजबूती से उसका विरोध कर सामाजिक मूल्यों को मजबूत करना चाहिए।

केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव ने उच्च शिक्षा में गुणवत्ता विकास की आवश्यकता जताई।

मत्स्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शील सिन्धु पाण्डेय ने विश्वविद्यालय के विकास कार्यों के बारे मे जानकारी दी।

द्वितीय चरण के नवीन निर्माण कार्यों का
शिलान्यास
श्री हरिभाऊ बागड़े
मान्नीय राज्यपाल, राजस्थान एवं कुलाधिपति
विक्रम संवत 2081, गुरूवार, 20 फरवरी 2025
श्री संजय शर्मा
(स्वतंत्र प्रभार)
प्रो. शील सिन्धु पाण्डेय
कुलपति